उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या: 92/2024/1597/छप्पन-2024-36/2016
लखनऊ, दिनांक: 16 अक्टूबर, 2024

कार्यालय-ज्ञाप

नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 के अधीन अनुरक्षण, सुरक्षा एवं सामान्य प्रशासन इकाई लखनऊ उ0प्र0 में शासनादेश संख्या-66/2016/931/छप्पन-2016-19/2011 दिनांक 05 सितम्बर, 2016 द्वारा श्री रूपेश सक्सेना को हेलीकाप्टर अनुरक्षण अभियन्ता के पद पर नियत मासिक पारिश्रमिक रू0-1.75 लाख (एक लाख पचहत्तर हजार मात्र) पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 02 वर्ष के लिए संविदा के आधार पर नियुक्त किया गया था, जिसके अनुपालन में श्री रूपेश सक्सेना द्वारा दिनांक 14 अक्टूबर, 2016 को पूर्वाह्न में हेलीकाप्टर अनुरक्षण अभियन्ता के पद पर अपना योगदान प्रस्तुत किया गया। इसके उपरान्त श्री रूपेश सक्सेना, हेलीकाप्टर अनुरक्षण अभियन्ता की सेवाओं की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए उनकी संविदा सेवा अवधि समय-समय पर बढ़ाई जाती रही तथा वर्तमान में शासनादेश संख्या: 71/2019/1667/छप्पन-2019-36/2016 दिनांक 21 अगस्त, 2019 द्वारा इनकी संविदा सेवा अवधि दिनांक 14 अक्टूबर, 2019 से आगामी 05 वर्ष अर्थात दिनांक 13 अक्टूबर, 2024 तक के लिए बढ़ाई गई। तत्क्रम में निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा पत्र संख्या-187/ना0उ0नि0/व्य0पत्रा0/2024 दिनांक 03 अक्टूबर, 2024 के द्वारा हेलीकाप्टर अनुरक्षण अभियन्ता के पद पर पूर्व शर्तों एवं प्रतिबन्धों के साथ श्री रूपेश सक्सेना की संविदा सेवा अवधि वर्तमान मासिक पारिश्रमिक रूपए 2,46,244.00 (रूपये दो लाख छियालीस हजार दो सौ चौवालीस मात्र) एवं शासनादेश दिनांक 09 सितम्बर, 2014 के अनुसार यथासमय अनुमन्य 05 प्रतिशत वार्षिक पारिश्रमिक वृद्धि पर दिनांक 14 अक्टूबर, 2024 से अग्रेत्तर 05 वर्ष अर्थात दिनांक 13 अक्टूबर, 2029 तक के लिए बढ़ाए जाने का प्रस्ताव शासन के निर्णयार्थ उपलब्ध कराया गया है।

2- निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0 लखनऊ के प्रस्ताव दिनांक 03 अक्टूबर, 2024 पर सम्यक विचारोपरान्त श्री राज्यपाल नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 के अधीन अनुरक्षण, सुरक्षा एवं सामान्य प्रशासन इकाई लखनऊ उ0प्र0 में हेलीकाप्टर अनुरक्षण अभियन्ता के पद पर कार्यरत श्री रूपेश सक्सेना की संविदा अवधि वर्तमान पारिश्रमिक रू0 2,46,244.00 (रूपये दो लाख छियालीस हजार दो सौ चौवालीस मात्र) एवं शासनादेश संख्या-1422/छप्पन-2011-17/2014 दिनांक 09 सितम्बर, 2014 के अनुसार यथासमय अनुमन्य 05 प्रतिशत वार्षिक पारिश्रमिक वृद्धि पर दिनांक 14 अक्टूबर, 2024 से आगामी 03 वर्ष (अर्थात् 13 अक्टूबर, 2027 तक) के लिए बढ़ाए जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3- श्री रूपेश सक्सेना की संविदा सेवा के सम्बन्ध में अन्य नियम व शर्तें पूर्ववत जारी रहेंगी।

4- श्री रूपेश सक्सेना से संविदा सेवा वृद्धि के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध निष्पादित कर शासन को अभिलेखार्थ उपलब्ध कराया जाएगा।

कुमार हर्ष
विशेष सचिव।

2/...

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

पृ0सं0-92/2024/1597(1)/छप्पन-2024-36/2016 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि श्री रूपेश सक्सेना, हेलीकाप्टर अनुरक्षण अभियन्ता से निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध-पत्र निष्पादित करके उसकी प्रति अभिलेखार्थ शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।
2. श्री रूपेश सक्सेना, हेलीकाप्टर अनुरक्षण अभियन्ता, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
3. महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0 प्रयागराज।
4. कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7 ।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
अभिनव कुमार चौरसिया
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।